अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

# नईदुनिया

www.naiduniaonline.com वर्ष- 79 (भोपाल : वर्ष 41 अंक 99, पृष्ठ 12) चैत्र, कृष्ण पंचमी संवत् 2082 रविवार, 8 मार्च 2026 राजधानी संस्करण कीमतः 3:00 रुपये


राजधानी... इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में विकास के नए...


खेल... ऑस्ट्रेलिया के हाथों में मुकाबला दूसरी पारी में ...


व्यापार... भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः पीयूष ...


देश-विदेश... नए दस्तावेजों में महिला के दावों का ...

## जॉर्डन स्थित रडार प्रणाली तबाह, यूएई और सऊदी अरब पर मिसाइल व ड्रोन हमले जारी

# अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणाली ध्वस्त

### मध्य पूर्व संघर्ष का आठवां दिन, कई देशों में हमले

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी :** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के आठवें दिन क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ईरान ने पिछले एक सप्ताह में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन में तैनात अमेरिका की टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस प्रणाली को निशाना बनाया है। इन हमलों में जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी एयरबेस पर लगी एक अहम रडार प्रणाली के नष्ट होने की खबर है। बताया गया है कि इस रक्षा प्रणाली का रडार हिस्सा दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और उन्हें ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसकी कीमत करीब तीन सौ मिलियन डॉलर यानी लगभग दो हजार सात सौ करोड़ रुपये बताई जा रही है। पूरी रक्षा प्रणाली की लागत लगभग बाईस हजार करोड़ रुपये तक होती है। अमेरिका के पास ऐसी रक्षा प्रणालियों की संख्या बहुत सीमित है, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है।



### 121 ड्रोन दागे

उधर संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को देश की ओर सोलह बैलिस्टिक मिसाइलें और एक सौ इक्कीस ड्रोन दागे गए। इनमें से अधिकांश को वायु रक्षा प्रणाली ने रास्ते में ही नष्ट कर दिया। एक मिसाइल समुद्र में गिरी, जबकि दो ड्रोन देश के भीतर गिरे। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक दो सौ इक्कीस बैलिस्टिक मिसाइलें और एक हजार तीन सौ पांच ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात की ओर दागे जाने की जानकारी दी गई है। इन हमलों में पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश के तीन नागरिकों की मौत हुई है, जबकि एक सौ बारह लोग घायल हुए हैं।

### दुबई में हवाई अड्डे पर हमला

इसी बीच दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह हवाई हमला होने की खबर सामने आई। हमले के बाद कई विमान हवा में चक्कर लगाते रहे और कुछ उड़ानों को अन्य हवाईअड्डों की ओर मोड़ना पड़ा। सुरक्षा कारणों से एमिरेट्स एयरलाइन ने दुबई से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें अगली सूचना तक स्थगित कर दी हैं।

### तेहरान और इस्फहान में हमले

दूसरी ओर इजराइली सेना ने घोषणा की है कि उसने तेहरान और इस्फहान सहित कई स्थानों पर नए हमले शुरू किए हैं। सेना के अनुसार रातभर में अस्सी से अधिक लड़ाकू विमानों ने ईरान के विभिन्न सैन्य ठिकानों पर दो सौ तीस मिसाइलें दागीं। इन हमलों में सैन्य भंडारण स्थलों और मिसाइल से जुड़े ढांचों को निशाना बनाया गया।

### 6,600 स्थानों को नुकसान

ईरान की राहत संस्था रेड क्रिसेंट के अनुसार 28 फरवरी से शुरू हुए हमलों में देश में छह हजार छह सौ से अधिक नागरिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। इनमें पांच हजार पांच सौ से अधिक घर, एक हजार से अधिक दुकानें, चौदह चिकित्सकीय केंद्र और पैंसठ विद्यालय शामिल हैं।

### ईरान ने पड़ोसी देशों से माफी मांगी

इस बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि ईरान पड़ोसी देशों की संप्रभुता का सम्मान करता है और यदि उनकी जमीन से ईरान पर हमला नहीं हुआ तो उन पर हमले नहीं किए जाएंगे। उन्होंने हाल के हमलों को लेकर पड़ोसी देशों से माफी भी मांगी है। हालांकि ईरान की इस घोषणा के कुछ समय बाद ही कतर की राजधानी दोहा में एक विस्फोट की खबर सामने आई।

### संघर्ष के बीच कोच्चि में रुका ईरानी युद्धपोत

संघर्ष के बीच ईरान का युद्धपोत आईआरआईएस लावन तकनीकी खराबी के कारण भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत ने मानवीय आधार पर जहाज को बंदरगाह पर आने की अनुमति दी। जहाज के एक सौ तिरासी सदस्य फिलहाल भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। भारत की ओर से बंदरगाह पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## पाकिस्तान में पेट्रोल 335 और डीजल 321 रुपये प्रति लीटर



**इस्लामाबाद, एजेंसी :** पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग बीस प्रतिशत तक वृद्धि कर दी गई है। सरकार ने दोनों ईंधनों के दाम में करीब 55 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इसके बाद पेट्रोल की कीमत 335.86 रुपये और डीजल 321.17 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सरकार का कहना है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। कीमतों में वृद्धि की खबर मिलते ही लाहौर और कराची सहित कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों को ईंधन की संभावित कमी का डर सताने लगा है।

## रसोई गैस सिलेंडर 60 रुपए महँगा



**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इसके बाद दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर अब 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की वृद्धि कर इसे 1883 रुपये कर दिया गया है। नई दरें 7 मार्च से लागू हो गई हैं। सरकार ने यह फैसला ऐसे समय लिया है जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। सरकार ने तेल शोधन कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन का उपयोग रसोई गैस उत्पादन में बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## खास-खबरें

### ममता बनर्जी का धरना दूसरे दिन भी जारी



**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना शनिवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा। ममता ने शुक्रवार की रात धरना स्थल पर ही बिताई। उन्होंने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया। ममता ने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट से नाम हटाना बंगाल को बांटने और वोट छीनने की भाजपा की योजना का हिस्सा है। धरना स्थल पर तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विधायक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राम रहीम पत्रकार हत्याकांड में बरी

**नईदुनिया ब्यूरो, चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि साजिश में उनकी भूमिका के पर्याप्त सबूत नहीं मिले। हालांकि तीन अन्य आरोपियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी गई है। पत्रकार की हत्या 2002 में गोली मारकर की गई थी, जिसके बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया था। पीड़ित परिवार ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। राम रहीम अभी अन्य मामलों में सजा होने के कारण जेल में ही रहेंगे।

### फैक्ट्री में आग, पांच महिलाओं की मौत



**नईदुनिया ब्यूरो, जींद :** हरियाणा के जींद की एक रंग फैक्ट्री में भीषण आग लगने से पांच महिलाओं की मौत हो गई और सत्रह मजदूर झुलस गए। घटना सफीदों क्षेत्र की है। आरोप है कि फैक्ट्री के मेन गेट पर बाहर से ताला लगा था, जिससे मजदूर बाहर नहीं निकल पाए। आग संभवतः शॉर्ट सर्किट से लगी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं।

### बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली :** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा। पहले दिन ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। इस कारण भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अपने सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पर कार्यवाही में पक्षपात का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव पर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने समर्थन नहीं दिया है। सूत्रों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान कर सकती है।

# बंगाल में कॉन्फ्रेंस स्थल परिवर्तन पर आपत्ति, राष्ट्रपति मुर्मू नाराज



**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में संबोधन के दौरान कार्यक्रम स्थल बदलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह लगता है कि राज्य सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहती। राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी छोटी बहन मानते हुए कहा कि वह भी बंगाल की बेटी हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता तो ज्यादा लोग शामिल हो पाते, लेकिन गोपालपुर में स्थल छोटा होने के कारण कई लोग नहीं आ सके। राष्ट्रपति ने युवाओं से अपनी भाषा, परंपरा और संस्कृति को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में संथाल समुदाय के योगदान को उचित पहचान नहीं मिली है। उन्होंने तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के नेतृत्व में 1855 में हुए संथाल हुल का जिक्र करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। राष्ट्रपति ने ओल चिकी लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू को भी याद किया और संताली भाषा व साहित्य को नई पहचान देने के उनके योगदान को सराहा। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदाय ने सदियों से लोक संगीत, नृत्य और परंपराओं को संरक्षित किया है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की सलाह दी। भाषा और संस्कृति को बचाते हुए समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखने से मजबूत भारत का निर्माण होगा।

### राष्ट्रपति पहले भाजपा शासित राज्यों की हालत देखें

राष्ट्रपति मुर्मू के बयान पर ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल पर कमेंट करने से पहले आपको भाजपा शासित राज्यों की हालत देखनी चाहिए। सिर्फ एक पॉलिटिकल पार्टी की बात सुनकर कमेंट करना सही नहीं है। ममता ने कहा कि भाजपा इतना नीचे गिर गई है कि वे राज्य को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति को उनके कार्यक्रम में राज्य के प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी के बारे में दी गई जानकारी गलत थी।

### प्रेसिडेंट का पद पॉलिटिक्स से ऊपर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विवाद पर एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि जो लोग डेमोक्रेसी को मजबूत बनाने में यकीन रखते हैं और आदिवासी समुदाय, सभी बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि प्रेसिडेंट का पद पॉलिटिक्स से ऊपर है, और इस पद की गरिमा हमेशा बनी रहनी चाहिए। उम्मीद है कि पश्चिम बंगाल सरकार और तृणमूल कांग्रेस को होश आएगा।

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को खदेड़ेंगेः शाह



**नईदुनिया ब्यूरो, हरिद्वार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरिद्वार में आयोजित राज्य सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि केदारनाथ से कन्याकुमारी तक जहां भी अवैध रूप से रहने वाले लोग हैं, उन्हें चिन्हित कर भारत से बाहर निकाला जाएगा। शाह ने कहा कि उत्तराखंड का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था और वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने 2027 में होने वाले चुनाव में राज्य में फिर से भाजपा सरकार बनने का विश्वास जताया। इस दौरान उन्होंने ई-0 एफआईआर प्रणाली की शुरुआत की और 1129.91 करोड़ रुपये की 39 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

### 25 महिलाएं करेंगी 1400 किलोमीटर का सफर तय

# महिला बाइक सवारों की यात्रा से पर्यटन को बढ़ावाः डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने 'क्वींस ऑन द व्हील्स' अभियान को दिखाई हरी झंडी




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'क्वींस ऑन द व्हील्स' 3.0 महिला बाइक यात्रा केवल एक रैली नहीं बल्कि नारी सशक्तिकरण, साहस और पर्यटन के माध्यम से मध्यप्रदेश की पहचान को देश-दुनिया तक पहुंचाने का अभियान है। मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला बाइक सवारों का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश न केवल अपनी प्राकृतिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी सजग है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से 25 महिला सुपर बाइक सवारों को हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने महिला सवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा प्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहित करने के साथ महिला सुरक्षा का संदेश भी देगी। यात्रा के दौरान जिला स्तर पर पुलिस और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि महिला सवार सुरक्षित और सहज वातावरण में प्रदेश के पर्यटन स्थलों का अनुभव कर सकें।

यह यात्रा 7 मार्च से 13 मार्च तक चलेगी, जिसमें महिला सवार लगभग 1400 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। इस दौरान दल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों सांची, उदयगिरि, चंदेरी, खजुराहो, कूनो राष्ट्रीय उद्यान, ग्वालियर, मितावली और ओरछा सहित कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों से होकर गुजरेगा।

यात्रा का समापन 13 मार्च को भोपाल में होगा। इस ग्रुप में भोपाल की सारा खान, राजनंदिनी, दिव्या रमन, मयूरी सोनी, दिशा राकेशीय, उन्नति चौरसिया, सेजल कुशवाहा, महक बाथम, ग्वालियर की शबनम बानो शामिल हैं। इनके साथ मुंबई की हेतल उपाध्याय, माधुरी नायक, मधु हेलचल, तनु प्रिया, रिद्धि, बेंगलुरु की सोना प्रियदर्शनी, कोलकाता की सायंती घोष, पुणे की कल्याणी पोटेकर, नागपुर की डॉ. प्रियंका रुक्मणी, रुचिका मेघे, एकता खेते, मैथिली सिंह, पल्लवी देशमुख, नोएडा की डॉ. सुमित और संभाजी नगर (महाराष्ट्र) की कविता जाधव शामिल हैं।

**राजनीति** चार वर्ष पुरानी पार्टी बनी नेपाल की सबसे बड़ी ताकत...

# भारत विरोधी ओली को बालेन ने 50 हजार वोटों से हराया



**काठमांडू, एजेंसी :** नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को झापा-5 सीट से 50 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराया। बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि ओली को केवल 18,734 वोट ही मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है और उन्होंने 2017 और 2022 में झापा-5 सीट जीती थी।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जिसे चार साल पहले पत्रकार रबि लामिछाने ने शुरू किया था, अब देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। अब तक पार्टी ने 62 सीटों पर जीत दर्ज की है और 60 सीटों पर आगे चल रही है। पिछले साल सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 5 मार्च को हुए चुनाव में लगभग 58 प्रतिशत मतदाता मतदान में शामिल हुए। चुनाव आयोग ने कहा कि 9 मार्च तक सभी मतों की गिनती पूरी करने का प्रयास किया जाएगा। नेपाल में सांसदों का चुनाव मिश्रित प्रणाली पर आधारित है। इसमें 165 सीटों पर सीधे चुनाव होते हैं, जबकि बाकी 110 सीटें वोट प्रतिशत के आधार पर पार्टियों को दी जाती हैं। इस प्रणाली का उद्देश्य छोटे दलों और विभिन्न सामाजिक समूहों को भी संसद में प्रतिनिधित्व देना है। बालेन शाह काठमांडू के रैपर और पूर्व मेयर हैं। वे मधेशी परिवार से आते हैं और 2015 के गोरखा भूकंप के बाद राहत कार्यों में सक्रिय रहे। उन्होंने 2022 में मेयर का चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता और दिसंबर 2025 में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में सफल चुनाव पर देश और जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत, नेपाल की नई सरकार और जनता के साथ मिलकर काम करने के अपने वादे पर कायम है।

इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 55 सीटों पर जीत दर्ज की है और 66 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। नेपाली कांग्रेस ने 10 सीटें जीती हैं, जबकि नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने 6 सीटों पर बढ़त बनाए रखी है। यह परिणाम नेपाल में युवा नेतृत्व और नए राजनीतिक विकल्पों की ओर जनता की रुचि को दर्शाता है।

# उपमुख्यमंत्री मौर्य के हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी, आपात लैंडिंग



**नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को तकनीकी खराबी के कारण आपात लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर ने सुबह लगभग 10 बजकर 45 मिनट पर लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के करीब आधे घंटे बाद ही उसमें तकनीकी समस्या आ गई। हेलिकॉप्टर लगभग दो हजार फीट की ऊंचाई पर था, तभी उसका प्रदर्शन पटल अचानक बंद हो गया और केबिन के भीतर धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत हवाई यातायात नियंत्रण से संपर्क कर आपात लैंडिंग की अनुमति मांगी। उस समय हेलिकॉप्टर लखनऊ से लगभग पचास किलोमीटर दूर बछरावां क्षेत्र तक पहुंच चुका था। अनुमति मिलने के बाद पायलट ने हेलिकॉप्टर को वापस लखनऊ की ओर मोड़ दिया।